# प्रसार भारती

## आकाशवाणी शिमला

### 14.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

**मुख्य समाचार**

- प्रदेश के 4 नगर निगमों सहित 51 शहरी निकायों में चुनाव प्रचार जोरों पर–कांग्रेस व भाजपा ने अपनी–अपनी जीत का किया दावा।
- नगर निगम व शहरी निकाय चुनाव को लेकर सभी तैयारियां पूरी–3 लाख 60 हजार 8 सौ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का करेंगे प्रयोग।
- राज्य सरकार द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे एंटी चिट्टा अभियान के सकारात्मक परिणाम आए सामने–एन.सी.बी. ने सरकर से मांगा विवरण।
- राज्यसभा सांसद हर्षमहाजन ने कहा–प्रधानमंत्री के आहवान पर एक सौ 40 करोड़ भारतीय हर आवश्यक त्याग व सहयोग के लिए तैयार।

- शिमला शहर में सफाई कर्मचारियों ने अपनी लम्बित मांगों व वेतन बढ़ोतरी को लेकर कल से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की दी चेतावनी।

**कांग्रेस प्रचार**

प्रदेश के चार नगर निगमों मण्डी, धर्मशाला, पालमपुर व सोलन और स्थानीय शहरी निकायों में 17 मई को मतदान होगा। ऐसे में इन चुनावों के लिए प्रचार अभियान चरम पर है। नगर निगम चुनाव के लिए भाजपा व कांग्रेस दोनों ही पार्टियों के नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार में जुटे हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने आज पालमपुर नगर निगम के विभिन्न वार्डों में नुक्कड़ सभाओं व रोडशो के जरिए मतदाताओं से कांग्रेस के पक्ष में वोट की अपील की। इधर स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने सोलन नगर निगम चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस की जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि समृद्ध शहर अभियान के तहत सोलन अव्वल स्थान पर है। शांडिल ने कहा कि सोलन को सीवरेज से जोड़ना उनकी प्राथमिकता है और शहर की पेयजल समस्या सहित अन्य समस्याओं का भी निपटारा किया जाएगा। मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने कहा कि नगर निगम चुनावों में कांग्रेस को जनता का अच्छा समर्थन मिल रहा है। शिमला में आज उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बीते तीन वर्षों के कार्यकाल के दौरान कई ऐसे फैसले लिए गए हैं जो हिमाचल के भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं।

**भाजपा प्रचार**

भारतीय जनता पार्टी ने आज नगर निगम मण्डी चुनावों के तहत राज्य की कांग्रेस सरकार के खिलाफ आरोप पत्र जारी किया। प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता व विधायक राकेश जम्वाल ने आरोप पत्र जारी करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में मण्डी की जनता को केवल उपेक्षा, अव्यवस्था और भ्रष्टाचार का सामना करना पड़ता है। राकेश जम्वाल ने कहा कि कांग्रेस ने मण्डी के प्रति हमेशा सौतेला रवैया अपनाया है और 2025 की आपदा के दौरान ये पूरी तरह उजागर हो गया। उन्होंने विश्वास जताया कि मण्डी नगर निगम चुनाव में जनता कांग्रेस सरकार को करारा जवाब देगी और भाजपा को अपना आशीर्वाद देगी। पूर्व मंत्री व विधायक विक्रम ठाकुर ने आरोप लगाते हुए कहा कि धर्मशाला में विकास कार्य ठप्प पड़े हैं और लोगों की समस्याओं को नजर अंदाज किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर निगम क्षेत्र में लोगों पर लगातार टैक्स का बोझ बढ़ाया जा रहा है और निगम की सम्पत्तियों पर कांग्रेस पार्षदों व वर्तमान मेयर द्वारा कब्जा किया गया है। विक्रम ठाकुर ने दावा किया कि इन चुनावों में भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिलेगा और जनता कांग्रेस को करारा जवाब देगी।

प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष विपिन परमार ने पालमपुर नगर निगम चुनावों को लेकर कांग्रेस सरकार व कांग्रेस शासित नगर निगम पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पालमपुर नगर निगम भ्रष्टाचार, अव्यवस्था, प्रशासनिक लापरवाही और जनता से धोखे का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने कहा कि भाजपा कांग्रेस सरकार के कुशासन का पूरा सच जनता के समक्ष लाएगी। इस बीच भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने कहा है कि कांग्रेस सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन और नए दौर के नाम पर जनता को गुमराह किया। उन्होंने आज नाहन में कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में विकास कार्य पूरी तरह ठप्प हैं।

**चुनाव**

प्रदेश के 4 नगर निगमों सोलन, पालमपुर, मंडी व धर्मशाला सहित 25 नगर परिषदों व 22 नगर पंचायतों में 17 मई को वोट डाले जाएंगे। मतदान सुबह 7 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक होगा। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार नगर परिषद और नगर पंचायतों के मतों की गणना मतदान वाले दिन 17 मई को ही की जाएगी, जबकि चारों नगर निगमों के मतों की गणना 31 मई को होगी। इन 51 शहरी निकायों में कुल 3 लाख 60 हज़ार 8 सौ 59 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चुनाव के लिए 5 सौ 89 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। मतदान को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

**मुख्यमंत्री**

राज्य सरकार द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे एंटी चिट्टा अभियान के तहत पुलिस की निगरानी बढ़ाई गई है जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश में चिट्टे की समस्या से निपटने के लिए एक व्यापक योजना तैयार करने के निर्देश दिए और इसके तहत चिट्टे में संलिप्त अपराधियों के साथ—साथ पंचायत स्तर तक मैपिंग की गई है। सरकार का एंटी चिट्टा मॉडल जहां अपराधियों पर नकेल कसने में कामयाब हो रहा है वहीं अन्य राज्यों में भी इस मॉडल की चर्चा होने लगी है। नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय ने इस बारे में हिमाचल प्रदेश से रिपोर्ट मांगी है। राज्य सरकार चिट्टा जैसे नशे से निपटने और चिट्टा तस्करी का समूल नाश करने के लिए जल्द ही एंटी चिट्टा अभियान का दूसरा चरण शुरू करने जा रही है।

**हर्ष महाजन**

राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्रीय आहवान का समर्थन करते हुए कहा है कि एक सौ 40 करोड़ भारतीय प्रधानमंत्री के साथ खड़े हैं और राष्ट्रहित में हर आवश्यक त्याग व सहयोग के लिए तैयार हैं। एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की अपील पूरी तरह स्वैच्छिक, एहतियाती व दूरदर्शी सोच पर आधारित है और देश में किसी भी आवश्यक वस्तु की कोई कमी नहीं है। हर्ष महाजन ने कहा कि विपक्षी दल इस संबंध में भ्रम और डर फैलाने की राजनीति कर रहे हैं जबकि प्रधानमंत्री द्वारा की गई इस अपील से देश की अर्थव्यवस्था और संसाधनों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

**सफाईकर्मी हड़ताल**

शिमला शहर में चल रहे स्वच्छता सर्वेक्षण के बीच सफाई कर्मचारियों ने अपनी लम्बित मांगों और वेतन बढ़ोतरी को लेकर कल से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है। सफाई कर्मचारियों का कहना है कि वे लम्बे समय से वेतन बढ़ोतरी व समान कानून लागू करने की मांग कर रहे हैं लेकिन सरकार की ओर से अब तक कोई फैसला नहीं लिया गया है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता.........

**सिकंदर**

राज्यसभा सांसद प्रोफैसर सिकंदर कुमार ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कालखण्ड में भारत का मान—सम्मान पूरे विश्व में बढ़ा है। भाजपा द्वारा आज सोलन में आयोजित प्रबुद्धजन संगोष्ठी को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में हुआ अभूतपूर्व विकास और भारत की सुदृढ़ होती अर्थव्यवस्था पूरी दुनिया के साथ मजबूती से प्रतिस्पर्धा कर रही है। डॉक्टर सिकंदर कुमार ने उपस्थित

प्रबुद्ध वर्ग से मोदी सरकार की नीतियों का जन–जन तक पहुंचाने का आहवान भी किया। उन्होंने नगर निगम सोलन में होने वाले चुनाव में भाजपा की जीत का दावा भी किया।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- प्रदेश के 4 नगर निगमों सहित 51 शहरी निकायों में चुनाव प्रचार जोरों पर–कांग्रेस व भाजपा ने अपनी–अपनी जीत का किया दावा।
- नगर निगम व शहरी निकाय चुनाव को लेकर सभी तैयारियां पूरी–3 लाख 60 हजार 8 सौ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का करेंगे प्रयोग।
- राज्य सरकार द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे एंटी चिट्टा अभियान के सकारात्मक परिणाम आए सामने–एन.सी.बी. ने सरकर से मांगा विवरण।
- राज्यसभा सांसद हर्षमहाजन ने कहा–प्रधानमंत्री के आहवान पर एक सौ 40 करोड़ भारतीय हर आवश्यक त्याग व सहयोग के लिए तैयार।

- शिमला शहर में सफाई कर्मचारियों ने अपनी लम्बित मांगों व वेतन बढ़ोतरी को लेकर कल से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की दी चेतावनी।